राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

परिसीमन / अत्यावश्यक

संख्या– प0नि0 30–23 / 2025...4003

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला दंडाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक– 7/10/2026

विषय :– वर्ष 2011 की जनगणना से संबंधित Enumeration Block की चौहद्दी की प्रविष्टि संबंधी कठिनाईयों के निमित्त आयोग के पोर्टल पर तत्संबंधी सूचना अंकित किये जाने एवं राजस्व ग्राम का सत्यापन संबंधी प्रमाणपत्र अपलोड किये जाने के संबंधी समीक्षा हेतु **दिनांक–09.10.2026 को आहूत Video Conferencing** में भाग लेने के संबंध में।

प्रसंगः– आयोग का पत्रांक–3865, दिनांक–23.09.2026 एवं पत्रांक–3691, दिनांक–09.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आयोग के पत्रांक–3865, दिनांक–23.09.2026 द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के Enumeration Block की चौहद्दी की प्रविष्टि संबंधी कठिनाईयों के निमित्त आयोग के पोर्टल पर तत्संबंधी सूचना अंकित किये जाने एवं पत्रांक–3691, दिनांक–09.09.2026 द्वारा अवशिष्ट राजस्व ग्राम की प्रविष्टि पोर्टल पर किये जाने, राजस्व ग्राम का सत्यापन किये जाने तथा तत्संबंधी प्रमाणपत्र आयोग के पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु सभी जिलों को निदेशित किया गया है। विभिन्न जिलों द्वारा आयोग के पोर्टल पर Enumeration Block संबंधी सूचना अंकित किये जाने के क्रम में कोई भी साक्ष्य संलग्न नहीं की जा रही है।

उपर्युक्त आलोक में **दिनांक–09.10.2026 को अपराह्न 03.00 बजे से 05.00 बजे तक BSWAN के माध्यम से Video Conferencing** द्वारा समीक्षा बैठक आहूत की गई है जिसमें तत्संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ **जिला पंचायत राज पदाधिकारी, आई.टी. मैनेजर, डी.आई.ओ., प्रोग्रामर तथा उनके टीम** की उपस्थिति अपरिहार्य है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि अद्यतन प्रतिवेदन के साथ सभी संबंधितों को आहूत **Video Conferencing** में भाग लेने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
पटना, दिनांक– 7/10/2026

ज्ञापांकः–प0नि0–30–23 / 2025...4003

प्रतिलिपिः–एस.ई.आर. टीम एवं BSWAN के Technical Team को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त